कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)
कृषि अनुसंधान भवन-I, पूसा, नई दिल्ली 110 012.
AGRICULTURAL SCIENTISTS RECRUITMENT BOARD
(INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH)
Krishi Anusandhan Bhavan-I, Pusa, New Delhi-110012
Tele : 25841928, 25848172; Fax : 25846311

फाइल सं. 5(1)/2016-परीक्षा 1 | दि. 21 जुलाई, 2017

## नोटिस

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीनस्थ परिशिष्ट-I में दिए 63 अनुसंधान संस्थानों में अवर श्रेणी लिपिक पदों पर भर्ती हेतु सामान्य प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन का दायित्व कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल को सौंपा गया है। मंडल ने पूर्व में यह निर्णय लिया था कि सामान्य प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन 11 दिसम्बर, 2016 को परम्परागत पद्धति (ओएमआर शीट के उपयोग से) से देश के विभिन्न भागों में स्थित 32 परीक्षा केन्द्रों में किया जाएगा। तथापि कुछ प्रशासनिक कारणों से इस परीक्षा को स्थागित/मुल्तवी किया गया था और यह निर्णय लिया गया था कि मंडल द्वारा कम्प्यूटर आधारित ऑनलाइन सामान्य प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन अगली तारीख एवं समय पर किया जाएगा। तदनुसार इसकी सूचना सभी संबंधितों को कृ.वै.च.मं. की नोटिस स. 5(1)/2016-परीक्षा 1, दिनांक 29.10.2016 द्वारा दी गई थी, जिसे राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी तथा एएसआरबी/आईसीएआर के वेबसाइट www.asrb.org.in / www.icar.org.in के अलावा संबंधित संस्थानों के वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया था।

मंडल ने अब यह निर्णय लिया है कि कम्प्यूटर आधारित उक्त ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन दिनांक 10.09.2017 (रविवार) को देश के विभिन्न केन्द्रों में किया जाएगा। इस प्रयोजन के लिए सभी उम्मीदवारों का ऑनलाइन पद्धति से कॉमन डाटा बेस तैयार करना होगा।

अत: समस्त उम्मीदवार जिन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विभिन्न संस्थानों द्वारा दिए गए विज्ञापनों के प्रतिउत्तर में अवर श्रेणी लिपिक पदों के लिए आवेदन दिए हैं, से अनुरोध है कि वे एएसआरबी/आईसीएआर के वेबसाइट www.asrb.org.in / www.icar.org.in पर दिनांक 28.07.2017 (9.00 बजे प्रात:) से 17.08.2017 (5.00 बजे शाम) के दौरान उपलब्ध लिंक पर दिए गए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में अपने विवरण प्रस्तुत करें। उक्त लिंक दिनांक 17.08.2017 शाम 5:00 बजे के बाद स्वत: ही बंद हो

जाएगा। किसी भी परिस्थिति में 17.08.2017 शाम 5:00 बजे के बाद पंजीकरण की अनुमति नहीं होगी। पंजीकरण तिथि के पश्चात परीक्षा में उपस्थित होने से संबंधित किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

जो आवेदक पूर्व में आवेदन नहीं किए हैं, उन्हें इस अवस्था में पंजीकरण करनेकी आवश्यकता नहीं है, और उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी। यदि ऐसे आवेदक अनजाने में परीक्षा में उपस्थित भी हो जाते हैं तो ज्ञात होने पर उन्हें अपात्र/अयोग्य माना जाएगा एवं उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

ऑनलाइन विवरण भरते समय आवेदकों को दिए गए विकल्पों में से परीक्षा केन्द्र का चयन करना होगा। तथापि मंडल को यह अधिकार होगा कि परिचालन कारणों से अपने विवेकानुसार आवेदक द्वारा चुने गए परीक्षा केन्द्र में बदलाव/संशोधन करें और परीक्षा केन्द्र में बदलाव/संशोधन के संदर्भ में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

यदि आवेदक निर्धारित तिथि तक ऊपर कहे गए लिंक पर अपने व्यक्तिगत विवरण पंजीकृत करने में असफल रहता है तो उन्हें किसी भी परिस्थिति में परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी चाहे वे पूर्व में वैध आवेदन दिए हों। आवेदकों को पुन: कोई शुल्क नहीं देना होगा।

ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात परीक्षा से संबंधित विस्तृत अनुदेश जारी किया जाएगा।

भवदीय

के. एन. चौधरी
उपसचिव (परीक्षा)

**परिशिष्ट - 1**

**सम्मिलित संस्थानों का विवरण**

| क्रम सं | सम्मिलित संस्थानों के नाम |
|---|---|
| 1. | भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज़्ज़तनगर, बरेली, उत्तर प्रदेश |
| 2. | खुरपका मुहपका रोग निदेशालय, मुक्तेश्वर, नैनीताल, उत्तराखंड |
| 3. | भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बैंगलुरु, कर्नाटक |
| 4. | राष्ट्रीय पशु रोग जानपदिक एवं सूचना विज्ञानं संस्थान, बैंगलुरु, कर्नाटक |
| 5. | राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बैंगलुरु, कर्नाटक |
| 6. | राष्ट्रीय पशु पोषण एवं शरीर क्रिया विज्ञान संस्थान, बैंगलुरु, कर्नाटक |
| 7. | सरसों अनुसन्धान निदेशालय, भरतपुर, राजस्थान |
| 8. | केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल, मध्य प्रदेश |
| 9. | भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल, मध्य प्रदेश |
| 10. | कृषि प्रोद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसन्धान संस्थान, जबलपुर, मध्य प्रदेश |
| 11. | केंदीय खारा जलजीव पालन अनुसंधान संस्थान, चेन्नई, तमिलनाडु |
| 12. | राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक, उड़ीसा |
| 13. | केंद्रीय कृषिरत  महिला संस्थान, भुवनेश्वर, उड़ीसा |
| 14. | केंद्रीय अलवण जल कृषि संस्थान, भुवनेश्वर, उड़ीसा |
| 15. | भारतीय जल प्रबंधन संस्थान, देहरादून, उत्तराखंड |
| 16. | विवेकानंदा पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा, उत्तराखंड |
| 17. | भारतीय कृषि प्रणाली अनुसन्धान संस्थान, मोदीपुरम, मेरठ, उत्तर प्रदेश |
| 18. | केंद्रीय मवेशी अनुसन्धान संस्थान, मोदीपुरम, मेरठ, उत्तर प्रदेश |
| 19. | भारतीय कृषि सांखियकी अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली |
| 20. | भारतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली |
| 21. | राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्र और नीति संस्थान, पूसा, नई दिल्ली |
| 22. | राष्ट्रीय पादप जैव प्रोद्योगिकी अनुसंधान केंद्र, नई दिल्ली |
| 23. | केंद्रीय तटीय कृषि अनुसन्धान संस्थान, गोवा |
| 24. | राष्ट्रीय शुकर अनुसंधान केंद्र, गुवाहाटी, असम |
| 25. | भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद, तेलंगाना |
| 26. | केंद्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद, तेलंगाना |
| 27. | राष्ट्रीय मास अनुसंधान केंद्र, हैदराबाद, तेलंगाना |
| 28. | भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान, राजेंद्रनगर, हैदराबाद, तेलंगाना |
| 29. | राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंध अकादमी, हैदराबाद, तेलंगाना |
| 30. | केंद्रीय भेड़ और ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर, वाया जयपुर, राजस्थान |
| 31. | भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान, झाँसी, उत्तर प्रदेश |
| 32. | क्षेत्रीय परियोजना निदेशालय जोन - 6, जोधपुर, राजस्थान |
| 33. | राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल, हरियाणा |
| 34. | भारतीय  गेहू एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल, हरियाणा |
| 35. | केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल, हरियाणा |
| 36. | राष्ट्रीय पशु अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो, करनाल, हरियाणा |
| 37. | केंद्रीय भैस अनुसंधान संस्थान, हिसार, हरियाणा |
| 38. | केंद्रीय कटाई उपरान्त अभियांत्रिकी एवं प्रोद्योगिकी संस्थान, लुधियाना, पंजाब |
| 39. | केंद्रीय रोपण फसल अनुसंधान संस्थान, कासरगोड, केरल |
| 40. | काजू अनुसन्धान निदेशालय, पुत्तूर, कर्नाटक |

| | |
|---|---|
| 41. | केंद्रीय मात्सियकी प्रौद्योगिकी संस्थान, कोच्ची, केरल |
| 42. | केंद्रीय समुद्री मात्सियकी अनुसन्धान संस्थान, कोच्ची, केरल |
| 43. | केंद्रीय कंद फसल अनुसंधान संस्थान, तिरुवनंतपुरम, केरल |
| 44. | केंद्रीय पटसन एवं समवर्गीय रेशा अनुसन्धान संस्थान, बैरकपुर, कोलकाता, पश्चिम बंगाल |
| 45. | केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, बैरकपुर, कोलकाता, पश्चिम बंगाल |
| 46. | राष्ट्रीय पटसन एवं समवर्गी रेशा प्रोद्योगिकीय अनुसन्धान संस्थान, कोलकाता, पश्चिम बंगाल |
| 47. | केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ, उत्तर प्रदेश |
| 48. | भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, कल्याणपुर, कानपुर, उत्तर प्रदेश |
| 49. | राष्ट्रीय मिथुन अनुसंधान केंद्र, नागालैंड |
| 50. | केंद्रीय कपास प्रोद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मुंबई, महाराष्ट्र |
| 51. | केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, नागपुर, महाराष्ट्र |
| 52. | पूर्वी क्षेत्र के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् का अनुसंधान परिसर, पटना, बिहार |
| 53. | केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पोर्ट ब्लेयर, अंडमान एंव निकोबार द्वीप समूह |
| 54. | राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे, महाराष्ट्र |
| 55. | पुष्पविज्ञान अनुसंधान निदेशालय, शिवाजी नगर, पुणे, महाराष्ट्र |
| 56. | राष्ट्रीय अजविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान, बारामती, महाराष्ट्र |
| 57. | केंद्रीय तम्बाकू अनुसंधान संस्थान, राजामुन्द्री, आंध्र प्रदेश |
| 58. | राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र, मुजफ्फरपुर, बिहार |
| 59. | केंद्रीय आलू अनुसंधान केंद्र, शिमला, हिमाचल प्रदेश |
| 60. | केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान, श्रीनगर , जम्मू कश्मीर |
| 61. | भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी, उत्तर प्रदेश |
| 62. | राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसन्धान केंद्र, बीकानेर, राजस्थान |
| 63. | उत्तर पूर्वी पहाड़ी क्षेत्र के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् का अनुसंधान परिसर, उमियम, मेघालय |